नामांक Roll No.

Sl.No. :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 22
No. of Printed Pages – 11

**SS–10–Economics (Supp.)**

Tear Here

# उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2024
# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2024
## अर्थशास्त्र
## ECONOMICS

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनिट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidates must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-sheet only.

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

6) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any kind of error / difference / contradiction in the Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

7) **प्रश्न क्रमांक 16 से 22 में आन्तरिक विकल्प हैं। किसी एक विकल्प को हल कीजिए।**

Question Nos. **16** to **22** have the internal option. Attempt any one option.

## खण्ड – अ
## SECTION - A

**1)** **बहुविकल्पी प्रश्न :** **[15×1=15]**
Multiple Choice Questions:

i) **'द जनरल थ्योरी ऑफ इम्प्लॉयमेंट, इन्टरेस्ट एंड मनी' पुस्तक के लेखक है –** **[1]**

**अ)** **रिकार्डो** **ब)** **जॉन मेनार्ड कीन्स**
**स)** **एडम स्मिथ** **द)** **मार्शल**

The author of the book 'The General Theory of Employment, interest and money' is-

A) Ricardo B) John Maynard Keynes
C) Adam Smith D) Marshall

ii) **उद्यमी को आय की प्राप्ति होती है –** **[1]**

**अ)** **मज़दूरी से** **ब)** **लगान से**
**स)** **लाभ से** **द)** **ब्याज से**

Entrepreneur gets income

A) From wages B) From rents
C) From profits D) From interests

iii) **निम्न में से किसे वैधानिक पत्र कहते हैं –** **[1]**

**अ)** **सोने के सिक्के** **ब)** **चाँदी के सिक्के**
**स)** **चेक** **द)** **करेंसी नोट**

Which of the following is called legal tenders-

A) Gold coins B) Silver coins
C) Cheque D) Currency note

iv) **व्यापक मुद्रा के नाम से जानी जाती है –** **[1]**

**अ)** $m_1$ **व** $m_2$ **ब)** $m_2$ **व** $m_3$
**स)** $m_3$ **व** $m_4$ **द)** $m_4$ **व** $m_1$

Known as broad money-

A) $m_1$ and $m_2$ B) $m_2$ and $m_3$
C) $m_3$ and $m_4$ D) $m_4$ and $m_1$

v) **सीमांत बचत प्रवृत्ति तथा सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का योग होता है–** **[1]**

**अ)** 0 **ब)** 0.5
**स)** 1 **द)** **अनन्त**

The total of marginal propensity to consume and marginal propensity to save is -

A) 0 B) 0.5
C) 1 D) Infinite

vi) अप्रत्यक्ष कर का उदाहरण है – [1]

अ) आयकर ब) निगम कर

स) सम्पत्ति कर द) उत्पादन कर

The example of Indirect Tax is

A) Income Tax B) Corporation Tax

C) Wealth Tax D) Excise Tax

vii) भूमि अधिग्रहण से संबंधित है – [1]

अ) राजस्व प्राप्तियाँ ब) राजस्व व्यय

स) पूँजीगत प्राप्तियाँ द) पूँजीगत व्यय

Related to acquisition of Land is-

A) Revenue Receipts B) Revenue Expenditure

C) Capital Receipts D) Capital Expenditure

viii) जापान की मुद्रा का नाम है – [1]

अ) रूपया ब) डॉलर

स) येन द) यूरो

Name of Japan's currency is-

A) Rupees B) Dollar

C) Yen D) EURO

ix) चीन में लंबी अवधि तक निम्न अर्थव्यवस्था प्रचलित रही – [1]

अ) केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था ब) बाजार अर्थव्यवस्था


स) मिश्रित अर्थव्यवस्था द) ये सभी


Following Economy prevailed in China for a long time -


A) Centrally Planned Economy B) Market Economy


C) Mixed Economy D) All these

x) सीमांत उत्पादन संभावना वक्र है – [1]


अ) 



ब) 



स) 



द) 


Production possibility curve is-

A) 


B) 


C) 


D) 

xi) बेलोचदार माँग की स्थिति है – [1]

अ) $e_D = 1$ ब) $e_D < 1$

स) $e_D > 1$ द) $e_D = 0$

The state of Inelastic demand is-

A) $e_D = 1$ B) $e_D < 1$

C) $e_D > 1$ D) $e_D = 0$

xii) माँग के नियम के अनुसार वस्तु की कीमत एवं उसकी माँगी गई मात्रा के मध्य सम्बन्ध होता है – [1]

अ) धनात्मक ब) ऋणात्मक

स) शुन्य द) अनन्त

According to the Law of demand, there is a relationship between the price of a product and its quantity demanded-

A) Positive B) Negative

C) Zero D) Infinite

xiii) U आकृति का वक्र नहीं है – [1]

अ) सीमांत लागत वक्र ब) औसत लागत वक्र

स) कुल परिवर्ती लागत वक्र द) औसत परिवर्ती लागत वक्र

Is not a U shaped curve

A) Marginal cost curve B) Average cost curve

C) Total variable cost curve D) Average variable cost curve

xiv) अल्पकालीन सीमांत लागत का सूत्र है – [1]

अ) $smc = \frac{TVC}{q}$ ब) $smc = \frac{TC}{\Delta q}$

स) $smc = \frac{\Delta TC}{q}$ द) $smc = \frac{\Delta TC}{\Delta q}$

The formula of short run marginal cost is-

A) $smc = \frac{TVC}{q}$ B) $smc = \frac{TC}{\Delta q}$

C) $smc = \frac{\Delta TC}{q}$ D) $smc = \frac{\Delta TC}{\Delta q}$

xv) कुल संप्राप्ति तथा कुल लागत के मध्य का अंतर कहलाता है – [1]

अ) फर्म का निर्गत ब) फर्म का लाभ

स) फर्म की हानि द) इनमें से कोई नहीं

The difference between Total Revenue and Total cost is called-

A) Firm's output B) Firm's profit

C) Firm's loss D) None of these

**2)** **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :** **[7×1=7]**

Fill in the blanks :

i) **व्यष्टि अर्थशास्त्र माँग और पूर्ति के ……………… बाजारों का अध्ययन है।** **[1]**

Microeconomics is a study of _______markets of demand and supply.

ii) **माल सूची में परिवर्तन को मालसूची ………. कहा जाता है।** **[1]**

Change in inventory is called Inventory _______.

iii) **सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो द्वारा अपने शेयरों की विक्री, जिसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का ………… भी कहते है।** **[1]**

The sale of shares in public sector undertakings which is referred to as public sector undertakings ______.

iv) **पूँजी खाता, परिसंपत्तियों के समस्त …………… लेनदेनों को दर्ज करता है।** **[1]**

Capital account records all ______transactions of assets.

v) **उपभोक्ता के लिए उपलब्ध बंडलो के सेट को …………… कहा जाता है।** **[1]**

The set of bundles available to the consumer is called the _____.

vi) **उत्पादन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा आगतों को ………… में परिवर्तित किया जाता है।** **[1]**

Production is the process by which inputs are transformed into_____.

vii) **यदि किसी कीमत पर बाज़ार माँग बाज़ार पूर्ति से अधिक है, तो उस कीमत पर बाज़ार में ………… कहलाती है।** **[1]**

If at a price, market demand is greater than market supply, we say that there is an _____.

**3)** **अति लघुत्तरात्मक प्रश्न :** **[10×1=10]**

Very short answer :

i) **वैयक्तिक प्रयोज्य आय की परिभाषा दीजिए।** **[1]**

Define the personal Disposable income.

ii) **भारत में सकल घरेलु उत्पाद का आकलन कौन करता है–** **[1]**

Who estimates the gross domestic product in India -

iii) **भारत सरकार द्वारा बजट कहाँ पेश किया जाता है?** **[1]**

Where is the budget presented by the government of India.

iv) **राजस्व व्यय की गणना कीजिए, यदि राजस्व प्राप्तियाँ 100 करोड़ रूपये तथा राजस्व घाटा 50 करोड़ रूपये है।** **[1]**

Calculate Revenue Expenditure, If Revenue Receipts is Rs. 100 crore and Revenue Deficit is Rs. 50 crore.

v) **विदेशी विनिमय बाज़ार क्या है?** **[1]**

What is foreign exchange market?

vi) **कौनसी विनिमय दर प्रणाली नम्य विनिमय दर प्रणाली एवं स्थिर विनिमय दर प्रणाली का मिश्रण है?** **[1]**

Which exchange rate system is a mixture of flexible exchange rate system and fixed exchange rate system?

vii) **अवसर लागत से क्या अभिप्राय है?** **[1]**

What is meant by opportunity cost?

viii) **संसाधनों के विनिधान से आशय बताइए।** **[1]**

Explain what is meant by an allocation of the resources-

ix) **बजट रेखा का समीकरण लिखिए।** **[1]**

Write the equation of budget line.

x) **प्रौद्योगिकीय प्रगति का फर्म के पूर्ति वक्र पर क्या प्रभाव पड़ता है?** **[1]**

What effect does technological progress have on a firm's supply curve?

## खण्ड – ब
## SECTION - B

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :
Short Answer Questions :

4) मुद्रा गुणक को समझाइए। [2]
Explain the money multiplier.

5) अत्यधिक माँग की स्थिति से आप क्या समझते हैं? [2]
What do you understand by a situation of excess demand?

6) यदि चित्रांश की कुल आय 200 रुपये है तथा कुल उपभोग 100 रुपये है तो औसत उपभोग प्रवृत्ति ज्ञात कीजिए। [2]
If Chitransh's total income is Rs. 200 and total consumption is Rs. 100, then find the average-propensity to consume.

7) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति को परिभाषित कीजिए। [2]
Define marginal propensity to consume.

8) उपदान आय एवं गैर उपदान आय में भेद कीजिए। [2]
Distinguish between Factor and Non factor Income.

9) यदि एक कमीज़ की लागत अमेरिका में 5 डॉलर तथा भारत में 450 रूपये है तो रूपया, डॉलर की विनिमय दर की गणना कीजिए। [2]
If a shirt costs $5 in the US and Rs. 450 in India. Calculate the Rupee-dollar exchange rate.

10) केंद्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। [2]
Write any two characteristics of the centrally planned Economy.

11) एक दिष्ट अधिमान किसे कहते है? समझाइए। [2]

Explain, what is monotonic preferences?

12) पूरक वस्तुओं को उदाहरण की सहायता से समझाइए। [2]
Explain complementary goods with the help of example.

13) कॉब डगलास उत्पादन फलन से आप क्या समझते है? [2]
What do you understand by the Cobb-Douglas production function?

14) अल्पकाल में एक फर्म की लाभ अधिकतमीकरण की कोई दो शर्ते लिखिए। [2]
Write any two conditions for profit maximization of a firm in the short run.

15) उच्चतम निर्धारित कीमत को स्पष्ट किजिए। [2]
Explain price ceiling.

## खण्ड – स
## SECTION - C

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :**
Long Answer Questions :

**16)** **सकल घरेलु उत्पाद गणना की व्यय विधि को समझाइए।** **[3]**
Explain the expenditure method of calculating gross domestic product.

अथवा/OR

**"किसी देश के सकल घरेलु उत्पाद को उस देश के लोगो के कल्याण के सूचकांक के रूप में नहीं लिया जा सकता है" तीन कारणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।**

"Gross domestic product of a country cannot be taken as an index of the welfare of the people of that country", explain by three reasons.

**17)** **वस्तु एवं सेवाकर को समझाइए।** **[3]**
Explain the Goods and Service Tax.

अथवा/OR

**राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजटीय प्रबंधन अधिनियम 2003 की मुख्य विशेषताओं को समझाइए।**

Explain the main features of Fiscal Responsibility and Budget Management Act 2003.

**18)** **निम्न सारणी में कुल उत्पाद एवं औसत उत्पाद की गणना कीजिए।** **[3]**
Calculate total product and average product in the following table.

| श्रम<br>Labour | कुल उत्पाद<br>Total product | औसत उत्पाद<br>Average product | सीमांत उत्पाद<br>Marginal product |
|---|---|---|---|
| 0 | ---- | ---- | - |
| 1 | ---- | ---- | 10 |
| 2 | ---- | ---- | 12 |
| 3 | ---- | ---- | 14 |
| 4 | ---- | ---- | 10 |
| 5 | ---- | ---- | 8 |
| 6 | ---- | ---- | 3 |

अथवा/OR

निम्न सारणी में कुल परिवर्ती लागत एवं अल्पकालीन सीमांत लागत गणना कीजिए।

Calculate total variable cost and short run marginal cost in the following table.

| निर्गत इकाइयाँ Output units (q) | कुल स्थिर लागत Total Fixed Cost TFC (Rs.) | कुल परिवर्ती लागत Total Variable Cost TVC (Rs.) | कुल लागत Total Cost TC (Rs.) | अल्पकालीन सीमांत लागत Short Run Marginal Cost SMC (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 0 | 10 | ---- | 10 | ---- |
| 1 | 10 | ---- | 20 | ---- |
| 2 | 10 | ---- | 28 | ---- |
| 3 | 10 | ---- | 35 | ---- |
| 4 | 10 | ---- | 41 | ---- |
| 5 | 10 | ---- | 48 | ---- |
| 6 | 10 | ---- | 56 | ---- |

19) 20 रूपये प्रति इकाई बाज़ार कीमत पर एक फर्म की संप्राप्ति 100 रूपये है। बाज़ार कीमत बढ़कर 30 रूपये हो जाती अब फर्म की संप्राप्ति 300 रूपये होती है। पूर्ति की कीमत लोच ज्ञात कीजिए। **[3]**

A firm earns a revenue of Rs. 100 when the market price of a good is Rs. 20. The market price increases to Rs. 30 and the firm now earns a revenue of Rs. 300. Calculate the price elasticity of supply.

अथवा/OR

निम्न सारणी में प्रत्येक उत्पादन स्तर पर फर्म के लाभ की गणना कीजिए यदि वस्तु की कीमत 10 रु दी हुई है।

Calculate the profit at each output level in following table, If the price of good is given Rs. 10.

| उत्पादन Output | कुल लागत Total Cost | लाभ Profit |
|---|---|---|
| 0 | 5 | |
| 1 | 10 | |
| 2 | 12 | |
| 3 | 15 | |
| 4 | 17 | |
| 5 | 25 | |
| 6 | 30 | |
| 7 | 35 | |

## खण्ड – द

## SECTION - D

**निबन्धात्मक प्रश्न :**
Essay type questions :

**20)** निम्न की व्याख्या कीजिए। **[2+2=4]**

i) मुद्रा का संचलन वेग

ii) तरलता पाश

Explain the following :

i) Velocity of circulation of money

ii) Liquidity trap

अथवा/OR

केंद्रीय बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए। **[4]**

Describe the functions of the central bank.

**21)** 'उच्च अनधिमान वक्र, उपयोगिता के उच्च स्तर को प्रदान करता है' रेखाचित्र की सहायता से समझाइए। **[2+2=4]**

'Higher indifference curve gives greater level of utility? Explain with the help of a diagram.

अथवा/OR

'दो अनधिमान वक्र कभी एक दूसरे को नहीं काटते है' रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।

'Two indifference curves never intersect each other' explain with the help of a diagram.

**22)** औसत उत्पाद एवं सीमांत उत्पाद में सम्बन्ध को सचित्र स्पष्ट कीजिए। **[2+2=4]**

Explain graphically the relationship between Average product and marginal product.

अथवा/OR

दीर्घकालीन औसत लागत तथा दीर्घकालीन सीमांत लागत में सम्बन्ध को सचित्र स्पष्ट कीजिए।

Explain graphically the relationship between long run average cost and long run marginal cost.

✤✤✤✤

DO NOT WRITE ANYTHING HERE